about that. The doctors should also realise their responsibility towards the people, in general, and also to their own oath, and the Government should also see what is fair and the promises, if any, which had been made, should be fulfilled and adhered to. In this spirit, I think, this is a question which is beyond dispute because it affects the health and the life of the people as well as the confidence and the credibility of the professionals, and that is why, certainly, I am of the view that this matter should received the cutmost attention of the Government.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश): मान्यवर सभापति जी, विपक्ष के नेता डा० मनमोहन सिंह और माननीय सदस्यों ने जो भावनाएं और विचार प्रकट किए हैं, मैं उनका समर्थन करता हूं। 15-16 दिन से स्ट्राइक हो जाने के कारण अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में जो व्यवस्था है चिकित्सा की, वह अस्त-व्यस्त हो गई है। मरीज़ों का जीवन खतरे में पड़ा हुआ है। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इसे गंभीरता से ले और डाक्टरों से बात करके उनकी हड़ताल को समाप्त कराएं और जो उनकी मांगें सही हैं और जायज़ हैं, सरकार को उन्हें मान भी लेना चाहिए।

SHRI SANATAN BISI (Orissa): Mr. Chairman, Sir, I fully associate myself with the views expressed by Dr. Manmohan singh. Since this is very prestigious institution of the country, the Government should solve the dispute immediately and the whole thing should be reviewed properly. Thank you, Sir.

DR. ALLADI P. RAJKUMAR (Andhra Pradesh): Sir, I whole heartedly associate myself with the views expressed by Dr. Manmohan Singh. Sir, I earnestly appeal to the Government to invite the striking doctors and see that a settlement is mde amicably. Thank you.

SHRI S. VIDHUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, we demand a *suo motu* Statement from the Government, giving particulars of the agreement already made. What are the issues that have been settled? What are the issues still pending? Sir, the demands made by the doctors can also be mentioned in the Statement to be placed before us. We request the doctors also to consider the plight of the common man. They should talk to the Government, and an amicable solution should be found, by mutual consultation. A *suo motu* Statement is essential.

MR. CHAIRMAN: Now, we will take up the Motion of Thanks on the President's Address.

डा० वाई० लक्ष्मी प्रसाद (आन्ध्र प्रदेश): सर, आन्ध्र प्रदेश में जो...**(व्यवधान)**...

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record. *(Interruptions)*. Nothing will go on record. *(Interruptions)*. I am not giving permission. *(Interruptions)*. No, no. *(Interruptions)*. I have not given permission. *(Interruptions)*. Now, Prof. Vijay Kumar Malhotra.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS

PROF VIJAY KUMAR MALHOTRA (Delhi): Sir, I beg to move that an Address be presented to the President in the following terms:

> "That the Members of the Rajya Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on February 22, 1999."

सभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी तीन दिन पूर्व पाकिस्तान की अपनी ऐतिहासिक यात्रा से लौटे हैं। राष्ट्रपति अभिभाषण के केवल 12 घंटे पूर्व लौटने के कारण राष्ट्रपति के भाषण में उनका वृत्त बहुत संक्षेप से आया है। मुझे आशा है कि प्रधान मंत्री जी शीघ्र ही अपनी पाकिस्तान यात्रा के संबंध में पूरा वृत्त इस सदन में रखेंगे और उस पर इस सदन को विचार करने का मौका मिलेगा। प्रधान मंत्री जी की यात्रा ऐतिहासिक और युगान्तकारी थी. इसलिए नहीं कि बस के द्वारा भारत का पहला प्रधान मंत्री पाकिस्तान गया था। मुझे उन के साथ यात्रा में जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अमृतसर से लेकर लाहौर तक के बीच में सड़कों पर दोनों ओर खड़े हजारों लोग, उनके दिलों की भावनाओं का वर्णन शब्दों के द्वारा नहीं किया जा सकता, वह शब्दातीत अनुभव था और दोनों प्रधान मंत्रियों ने जो भाषण दिए वह भी अपने में ऐतिहासिक भाषण थे।

सभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी को लाहौर में जो सिविक रिसेप्सन दिया गया उसके जवाब में उन्होंने जो

भाषण दिया था वह भाषण भी बहुत ऐतिहासिक था। मेरे साथ बहुत से पाकिस्तान के राजनेता बैठे थे, बहुत से व्यवसायी बैठे थे, बहुत से उद्योगकर्मी बैठे थे और बहुत से अधिकारी भी बैठे थे, सबका एक-सा मत था और जो शब्द उन्होंने कहे वे हैं—क्या तकरीर है, क्या ईमानदारी है, क्या साफगोई है। प्रधान मंत्री जी ने साफ शब्दों में कहा कि हम पाकिस्तान...**(व्यवधान)**...

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोल रहे हैं या प्रधान मंत्री की यात्रा पर बोल रहे है?

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश): पैराग्राफ 8 उसी से संबंधित है। ...**(व्यवधान)**...

कुमारी सरोज खापर्डे: मैंने आपसे नहीं पूछा है, मैंने चेयर से पूछा है। ...**व्यवधान)**...

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल): सब लोग शुरू से शुरू करते हैं और ये आखिर से शुरू करते हैं। ...**व्यवधान**)...

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: जी, हां इसमें वर्णन है विदेशों से अपने संबंध सुधारने का और प्रधान मंत्री जी की लाहौर यात्रा का वर्णन इसके अन्दर है। आपको यह बात क्यों चुभ रही है, मैं अच्छी तरह समझता हूं। मैं उसका भी वर्णन करूंगा, मैं उसके ऊपर आना चाहता हूं।

†श्री मोहम्मद सलीम: सब लोग शुरू से शुरू करते हैं और ये आखिर से शुरू करते हैं... "مداخلت"...†

सभापति महोदय, मैं यह कह रहा था कि प्रधान मंत्री जी ने साफतौर पर कहा है कि हम पाकिस्तान नहीं चाहते थे। देश का विभाजन हुआ तो हमारा दिल जख्मी हुआ था, परन्तु जख्म भर गए, दाग रह गए और यह दाग हमें याद दिलाता है कि हमें दोनों देशों को मिलकर चलना है, शांतिपूर्वक चलना है। यह प्रश्न बार-बार पूछा जा रहा है कि प्रधान मंत्री जी की यात्रा से क्या उपलब्धि हुई? मैं कहना चाहता हूं कि उपलब्धि को इस दृष्टि से देखना चाहिए कि पहली बार दोनों प्रधान मंत्रियों ने मिलकर जो पहले तीन-तीन युद्ध हुए हैं उसके बाद शांति का मौका देने की बात कही है। दोनों प्रधान मंत्रियों ने इस बात की घोषणा की है कि सारी दुनिया आणविक यंत्रों से विहीन होनी चाहिए। दोनों ने इस बात की भी घोषणा की कि शिमला समझौते की लैटर एंड स्प्रिट के अंतर्गत हम अपनी मसायल हल करेंगे और जो तीसरी ताकतें हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच माध्यस्थता करने के लिए तड़प रही थी उनके सारे मनसूबे छिन्न-भिन्न हो जाएंगे। लोग वीसा लेकर पाकिस्तान जाना चाहते हैं। जब पाकिस्तान बना था तो हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच उस त्रासदी में लाखों लोग इधर से उधर और उधर से इधर गये थे। मैं भी 52 साल के बाद अपना घर देखना चाहता था। मैं भी उन गलियों में घूमना चाहता था, उन स्कूल और कालेजों को देखना चाहता था जिनमें मैंने 16 साल बिताये थे। हर आदमी इसी दृष्टि से पाकिस्तान जाना चाहता है और पाकिस्तान के लोग हिन्दुस्तान आना चाहते हैं। हमारे धर्म-स्थान वहां पर हैं और उनके धर्म-स्थान यहां पर हैं परन्तु वीज़ा बहुत बुरी हालत में है, मिलना कठिन है। उसकी शर्तें इतनी अमानवीय हैं कि रोज दस बजे पुलिस स्टेशन में जाकर रिपोर्ट करे, यह सब उसके अंदर आता है। उसके ऊपर भी दोनों प्रधान मंत्रियों ने कहा कि वीसा की शर्तें सामान्य की जाएं और लोगों को आने-जाने की बहुत सुविधाएं होनी चाहिएं। उन्होंने इसका भी जिक्र किया कि युद्ध के दौरान 1971 से वहां पर जो युद्धबन्दी कैदी हैं, अमानवीय दृष्टि से वहां पर स्थित हैं उनके लिए एक कमीशन बने। इसके अलावा और बहुत सी बातों का वहा पर फैसला हुआ है।

चेयरमैन साहब, मैंने कहा कि उस का पूरा वृत्त आपके सामने प्रधान मंत्री जी रखेंगे। दोनों देशों के प्रधान मंत्रियों ने सब प्रकार के आतंकवाद को समाप्त करने की घोषणा की। यह ठीक है कि जिस दिन प्रधान मंत्री जी शांति का अलख जगा रहे थे, आई॰एस॰आई॰ ने जम्मू में 26 हिन्दुओं का नरसंहार किया। प्रधान मंत्री जी ने बहुत साफ शब्दों में पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से कहा और इस बात का आग्रह भी किया कि इस प्रकार के नरसंहार बन्द होने चाहिएं। पाकिस्तान सरकार यह कहकर उससे बच नहीं सकती कि उसके ऊपर उनका कंट्रोल नहीं है। प्रधान मंत्री जी की पाकिस्तान यात्रा और उससे जो रिश्ते सुधर रहे थे, उन रिश्तों के सुधरने की छाया में यह अधिवेशन हो रहे हैं।

महोदय, प्रधान मंत्री जी की यात्रा को आज सारी दुनिया सराह रही है। इनको और नवाज शरीफ दोनों को शांति नोबेल पुरस्कार देने की बात हो रही है। य॰एन॰ओ॰ के जनरल सेक्रेटरी ने भी उस बात का उल्लेख किया है। अपने देश में कांग्रेस ने इसके बारे में अपना रवैया शांत रखा है। उसका कोई बहुत स्वागत नहीं किया है। इनको यह बात अखर रही थी कि इसकी छाया में यह अधिवेशन हो रहा है और इस अधिवेशन में प्रधान मंत्री की पाकिस्तान यात्रा और उसकी उपलब्धियां छाई रहेंगी। ऐसा लगता है उन्होंने यह सोचकर कि कैसे ध्यान बंटाया जाए, कैसे पाकिस्तान की

†[ ]Transilteration in Arabic Script

यात्रा को छोड़कर किसी और सवाल पर लाया जाए, पूरी तरह से शीर्षासन करके, पूरी तरह से उलट-फेर करके अपनी घोषित नीतियों के खिलाफ यह कहा कि बिहार के अंदर सरकार ने राष्ट्रपति राज लागू किया ...**(व्यवधान)**...

कुमारी सरोज खापर्डे: आप कह रहे हैं कि अत्यन्त दुख की बात है, आपने पढ़ा होगा, आपने देखा होगा; आपने कांग्रेस की चुप्पी के बारे में कहा। कांग्रेस वाले स्थिति में है कि आपको जवाब दे सकते हैं। ...**(व्यवधान)**...

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: अभी आप जवाब देंगे, मुझे मालूम है। ....**(व्यवधान)**...

कुमारी सरोज खापर्डे: कल हमारी नेता सोनिया गांधी ने अपनी पार्टी इन-पार्लियामेंट में इसका उल्लेख किया और प्रधान मंत्री को बधाई दी थी। आप इसको इगनोर कैसे कर सकते हैं? कांग्रेस से किस तरह से बात कहनी चाहिए, पहले आपको यह सोच लेना चाहिए। यह बात नहीं है कि हम खामोश रहेंगे और आप बोलते जायेंगे, यह क्या बात हुई?

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, बिहार में दलितों के नरसंहार पर कांग्रेस की अध्यक्ष जाती हैं और इस बात की घोषणा करती हैं कि बिहार में राबड़ी सरकार रहने का कोई अधिकार नहीं है। बिहार के अंदर कांग्रेस पार्टी खुलेतौर पर उसका स्वागत करती है, कांग्रेस की लेजिस्लेचर पार्टी इसका स्वागत करती है कि राष्ट्रपति राज लागू हो। कम्युनिस्ट पार्टी, समाजवादी पार्टी और सीपीएम वहां पर बन्द करती हैं, धरना देती हैं और सरकार के खिलाफ पूरे का पूरा आंदोलन चलाते हैं। जब बिहार में राष्ट्रपति राज लागू हुआ ...**(व्यवधान)**... राष्ट्रपति राज लागू होने के बाद ....**(व्यवधान)**.. Not me. You supported. You opposed the Government.

आपने धरने दिये, आपने बिहार बन्द किया। आपने बिहार के अंदर लालू सरकार और राबड़ी सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाए।...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: देखिए, हर पार्टियों के प्रतिनिधि यहां बोलेंगे। आप अपनी बात कहिएगा। इसका जवाब दे दिया जाएगा। उनको बोलने दीजिए।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, ...**(व्यवधान)**...

SHRI SANATAN BISI (Orissa): It should be according to the speech.

MR. CHAIRMAN: It is referred to in the speech.

श्री सनातन बिसि: कांग्रेस प्रेसीडेंट ने क्या किया, क्या इसका रेफरेंस स्पीच में है?. ..**(व्यवधान)**...

यहां आप यह बोलिए कि इस सीरियल नंबर पर, इस पेज पर यह बोला है

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, बिहार में राष्ट्रपति राज...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: उनको बोलने दीजिए।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि आज की कांग्रेस पार्टी क्यों इसके ऊपर अचानक वोल्टफेस कर गई, क्यों अचानक पूरी तरह से बदल गई? क्योंकि 12 तारीख ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: इसका जवाब दें देंगे।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: 12 फरवरी से लेकर आज 24 फरवरी है, 12 दिन में कांग्रेस पार्टी एकदम बदल गई। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने कभी इसका विरोध नहीं किया। राष्ट्रपति राज लागू करने के बाद इसका विरोध नहीं किया लेकिन कल अचानक सी०डब्लू०सी० की मीटिंग के अंदर इसका विरोध कर दिया और उसी वक्त जब...

कुमारी सरोज खापर्डे: किस बात का विरोध किया? कांग्रेस ने इस बात का विरोध किया जिस तरीके से वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। जिस तरीके से बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू किया उसका विरोध किया। आप पढ़िए ठीक से। कांग्रेस ने ...**(व्यवधान)**...

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध किया जब कि बिहार के अंदर अरबों रुपये का घोटाला हुआ है, अराजकता ही अराजकता है, नरसंहार ही नरसंहार हो रहा है। ...**(व्यवधान)**... वहां पर दंगा-फसाद, महिलाओं पर अत्याचार, बलात्कार और इन सारे कांडों के बाद अरबों रुपयों का घोटाला है। यह सब कुछ होने के बाद भी ...**(व्यवधान)**... सभापति महोदय, यह जो बीच बीच में...

श्री सभापति: आप अपनी बात कहिए।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: तो मैं यह कह रहा था कि कि बार बार यह सब होने के बाद भी अगर धारा 356 नहीं लग सकती तो किस पर लग सकती है? बाद में आप ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापतिः नहीं, नहीं, देखिए।

MR. CHAIRMAN: Generally, it is the decorum of the House that if a person initiates, he should notbe interrupted. A very party will have a chance. They can reply. It is better not to interrupt. They should hear you and you should hear them.

कुमारी सरोज खापर्डेः एक बात मैं कहना चाहता हूं कि आप जो कहें वह ठीक ढंग से कहें। आप को इस तरह की उल्टी सीधी बातें हमारी पार्टी के लिए नहीं करनी चाहिए।

श्री सभापतिः आपकी पार्टी के बारे में आपकी पार्टी के लोग जवाब दे देंगे।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः सभापति महोदय, बिहार में राष्ट्रपति राज लागू किया गया है। राष्ट्रपति राज लागू करने की इससे बेहतर कोई परिस्थिति वहां पर नहीं थी। राष्ट्रपति शासन लागू करने के बारे में कांग्रेस पार्टी, जो बाकी पार्टियों के साथ धारा 356 का विरोध कर रही है तो इसी कांग्रेस पार्टी ने अपने शासन में विभिन्न राज्यों में 90 बार राष्ट्रपति शासन लागू किया है। सौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली और आज कांग्रेस वाले इसका विरोध कर रहे हैं और कह रहे हैं कि धारा 356 का उपयोग, जो वहां पर किया गया है यह ठीक नहीं है। सभापति महोदय, अगर कांग्रेस पार्टी दलितों पर अत्यधिक से भयंकर और भीषण से भीषण अत्याचार का समर्थन करना चाहती है तो यह उनको मुबारक हो। आज बिहार को कांग्रेस पार्टी ने यह कहा है कि कांग्रेस पार्टी की सी॰डब्लू॰सी॰ ने बिहार में कांग्रेस का क्रियाकर्म कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वहां पर कांग्रेस को समाप्त कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उत्तर प्रदेश और बिहार में इस प्रकार की परिस्थिति पैदा कर दी गई है कि कांग्रेस समाप्त हो जाएगी जिससे दलितों पर होने वाले ये भीषण अत्याचार ये सारी परिस्थितियां...**(व्यवधान)**...

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka): You justify your action and then criticise her. You have started from the other end. *(Interruptions)*. You justify your action. You are not justifying your action.

(Interruptions).

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः सभापति जी, हमारी शायद गलती इतनी थी कि हमने कांग्रेस पार्टी की सार्वजनिक घोषणा पर विश्वास कर लिया। कांग्रेस की सार्वजनिक घोषणा के पीछे छिपा हुआ चेहरा हमने नहीं देखा। हम समझ रहे थे कि जो कांग्रेस कह रही है वह सच है। हमें मालूम है कि राज्य सभा में हमारा बहुमत नहीं है। अगर कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करने वाली थी तो निश्चित तौर पर हम उसे पास नहीं करा सकते थे। परंतु हमने शायद गलती की कि कांग्रेस पार्टी की सार्वजनिक घोषणा और सी॰पी॰आई॰, सी॰पी॰आई॰(एम), जनता दल की घोषणाओं पर विश्वास कर लिया था। हमें मालूम था और हमें जानना चाहिए था कि Frailty thy name is Congress; immorality thy name is Congress.

कांग्रेस के लोग जो यहां पर.....

कुमारी सरोज खापर्डेः यह क्या बात हुई ....**(व्यवधान)**

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः मैंने कोई अनपार्लियामेंट्री शब्द नहीं बोला....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डेः सर इस तरह के भाषण हमें खामोश नहीं कर सकते। *(Interruptions)*. This is not a public speech. *(Interruptions)*. This is not a public speech. *(Interruptions)*. We will listen to you. But don't say all these things against the Congress party. *(Interruptions)*.

SHRI KAPIL SIBAL (Bihar): Sir, I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: What is your point of order?

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, we must understand the scope of the discussion on the President's Address. I would like to refer to 'Kaul & Shakdher' on this point. I would like to quote only one sentence. On page 189, 'Kaul & Shakdher' talks about limitations. It says, "Only limitations on the President's Address are that the Members cannot refer to matters which are not the direct responsibility of the Government of India". That is the limitation on each Member of the House in respect of the discussion on the President's Address. *(Interruptions)*. Sir, if you look at 'Kaul & Shakdher' it is clear that he cannot talk about matters which are not the direct responsibility of the Government of India. Therefore, ...*(Interruptions)*.

PROF. VIJAY KUKAR MALHOTRA: I am talking about Bihar. *(Interruptions)*. बिहार में जो राष्ट्रपति शासन लागू किया है मैं उसके बारे में बोल रहा हूं। आप अपने भाषण में जवाब दे देना।

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, if I may be permitted ...*(Interruptions)*. What postures the Congress party took, why and how.... is not the concern of the hon. Member when he is disucssing the President's Address. He cannot refer to the Congress party in this context.

MR. CHAIRMAN: That is all right. It is nota point of order.

SHRI KAPIL SIBAL. Sir, it is a point of order.

MR. CHAIRMAN: Nom it is not a point of order. *(Interruptions)*. Please quote the rule.

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, I am quoting rule 15.

SHRI SANATAN BISI: Sir, rule 15 is clear. It says, "on such day or days or part of any day, the Council shall be at liberty to discuss the matters referred to in such Address on a Motion of Thanks...". They cannot raise extraneous matters. *(Interruptions)*.

MR. CHAIRMAN: Para 59 of the President's Address refers to the Bihar situation. Therefore, he can talk about that. *(Interruptions)*.

SHRI KAPIL SIBAL: Sir..... *(Interruptions)*.

MR. CHAIRMAN: Why are you talking about this unnecessarily? *(Interruptions)* No, that is why, you are informed.

The Book on 'Rajya Sabha At Work' mentions on page 185 and I read:

> "The scope of the discussion on the Motion of Thanks is very wide and Members are at liberty to speak on any matter of national or international importance. The general limitations, however, that while speaking, a Member cannot cast reflections on persons in high authority or on the Members of the other House or bring in the name of the President or refer to matters which are *sub judice* or pending consideration of a Parliamentary Committee, apply to the discussion on the Motion of Thanks also."

So, there is nothing wrong about it.

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: महोदय, मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा। मैं सिर्फ यह बता रहा था। मैं कोई कांग्रेस पार्टी का जिक्र नहीं कर रहा। मैं यह बताने की कोशिश कर रहा हूं कि हमने बिहार में राष्ट्रपति राज क्यों लगाया? बावजूद इसके यह जानते हुए कि हम यहां मेजोरिटी में नहीं हैं, यह हमें पहले ही मालूम था, मैं यह कह रहा हूं कि हमने भरोसा कर लिया, गलती कर ली, इनकी सार्वजनिक घोषणाओं का विश्वास कर लिया। अब 12 फरवरी के बाद क्या हुआ? 12 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लगाया गया और 12 दिनों के बीच में क्या हुआ? एक तो यह हुआ कि पाकिस्तान में भारत के प्रधानमंत्री की यात्रा हो गई। दूसरा क्या यह संयोग है या क्या कोइनसीडेंस है कि सुप्रीम कोर्ट बोफोर्स कांड में क्वातरोची को यहां पर पेश करने की आज्ञा देती है और कांग्रेस पार्टी अपना रेजोल्यूशन बदल देती है, अपना सारा मंतव्य बदल देती है।

कोई ऐसा संयोग हो गया कि जिस दिन सुप्रीम कोर्ट यह कहती है कि क्वत्रफातरोची को बोफर्स कांड में आना चाहिये बोफर्स कांड में जो लोग शामिल थे, उनके उपर यहां पर मुकदमा चलाना चाहिये। कांग्रेस पार्टी को लगता है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार रह गई तो कठिनाई पैदा होगी। उस दिन पूरा शीर्षासन कर के, वोल्टेफेस कर के बिहार के अन्दर लालू प्रसाद यादव के साथ हाथ मिला लिया जिसके लिए कांग्रेस पार्टी यह कह रही थी कि उसका शासन वहां खत्म करना सब से ज्यादा जरूरी है लेकिन आज इकट्ठे हो गये हैं **(व्यवधान)**

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, what is this? *(Interruptions)*

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE (West Bengal): He is not a Member of this House.

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: हमने क्यों इन पर भरोसा किया? मैं यह कहना चाहता हूं कि गुजरात, मध्य प्रदेश और उड़ीसा की इन घटनाओं पर राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में चिन्ता प्रकट की है। हत्या, बलात्कार, धार्मिक तोड़फोड़ निंदनीय है और राष्ट्रपति जी ने उसकी भी बहुत निंदा की है। गृह मंत्री जी ने कहा है कि कोई भी हो उसकी गिरफ्तारी हो जाए, कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। गुजरात में भी कांग्रेस की सरकार है..**(व्यवधान)**

श्री सुरेश पचौरी (मध्य प्रदेश): गुजरात में भी कांग्रेस की सरकार आने वाली है। ..**(व्यवधान)**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सॉरी, उड़ीसा में कांग्रेस की सरकार है। उड़ीसा में कांग्रेस की सरकार है और दोनों जगहों पर कांग्रेस की सरकारें है। वहां पर ज्यूडिशियल कमीशन बने है, उनकी जांच हो रही है और उसके प्रतिफल सामने आएंगे **(व्यवधान)** परन्तु मैं यह कहना चाहता हूं कि इतना दुष्प्रचार किया गया, इतना मिथ्या बोला गया, झूठ बोला गया, इतना अनर्गल प्रचार किया गया कि सारे देश को बदनाम कर के रख दिया गया। मैं अपनी ओर से कुछ नहीं कहना चाहूंगा, मैं सिर्फ तीन चार कोटेशंस आपके सामने पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। केवल उन्हीं बातों का ज़िक्र करूंगा, अपनी ओर से कुछ नहीं कहना चाहता हूं। एक है फ्रांस की सब से ज्यादा बिकने वाली पत्रिका है (ला फ्रिगारो उसमें साऊथ एशियन कोरेसपोंडेंट फ्रेंकोइस कार्टियर के एक आर्टिकल के कुछ उद्धरण मैं आपके सामने रखना चाहता हूं **(व्यवधान)** महोदय, यह हिन्दुस्तान टाइम्स में छपा है। **(व्यवधान)** महोदय, यह हिन्दुस्तान टाइम्स में छपा है। **(व्यवधान)** वह भी क्रिश्चियन है **(व्यवधान)** कांग्रेस के अखबार में यह छपा है। **(व्यवधान)** The South Asian correspondent, Francois courtier, says: "While there is no doubt that the ghastly murder...*(Interruptions)*

MISS SAROJ KHAPARDE: Which magazine are you referring to? *(Interruptions)*

SHRI KAPIL SIBAL: You have to mention the name. Then only can you refer to it.

MR. CHAIRMAN: Please mention the name of the magazine...*(Interruptions)*

MISS SAROJ KHAPARDE: What is the name of the magazine? *(Interruptions)*

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: It is *La Figaro*. *(Interruptions)* I am only quoting from that article.

यह क्या बात है? मैं आर्टिकल पढ़ रहा हूं कि इनका आर्टिकल क्या है। ..**(व्यवधान)**

SHRI JANARDHANA POOJARY (Karnataka) : Show us the front page of the magazine.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, यह आर्टिकल "हिन्दुस्तान टाइम्स" में छपा है। फिर जागरण में छपा। उसी आर्टिकल को मैं पढ़ कर सुना रहा हूं।...**(व्यवधान)**

SHRI JANARDHANA POOJARY: He has to show us the front page of the magazine. *(Interruptions)*

MISS SAROJ KHAPARDE: Please tell us the name of the magazine.

श्री सुरेश पचौरी: यह भारतीय जनता पार्टी की पत्रिका से पढ़ रहे हैं...**(व्यवधान)**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: "हिन्दुस्तान टाइम्स" के एडिटोरियल पेज पर, उसके नीचे यह आर्टिकल छपा है, जिसको इसमें री-प्रोड्यूस किया गया है हिन्दी में भी है और अंग्रेजी में भी है।...**(व्यवधान)**

MISS SAROJ KHAPARDE: You tell us the name of the magazine. *(Interruptions)*

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: मैं कह रहा हूं कि यह "हिन्दुस्तान टाइम्स" में एडिटोरियल पेज के नीचे छपा है। उसको इन्होंने...**(व्यवधान)** यह क्या हो रहा है?...**(व्यवधान)** I am only quoting from the article.

अगर कोई आबजैक्शन करता है तो बताए ...**(व्यवधान)**

SHRI JANARDHANA POOJARY: You tell the House the name of the magazine.

कुमारी सरोज खापर्डे: उस मैगज़ीन का पत्ता तो बताइये और कौन सी मैगज़ीन आप पढ़ रहे हैं?

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: यह "जागरण" में भी छपा है। ...**(व्यवधान)** यह बी०जे०पी० वाली मैगज़ीन है। ...**(व्यवधान)** आप इसके आर्टिकल को कहिए कि नहीं है...**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: आप मैगज़ीन का नाम तो बताइये?...**(व्यवधान)**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: यह क्या बात कर रही हैं।...**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: बात मैं बिल्कुल ठीक कर रही हूं।...**(व्यवधान)**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: बी०जे०पी० के पेपर ने उसको कोट किया है पूरा का पूरा उसको मैं पढ़ रहा हूं। ...**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: मैगज़ीन का नाम बताइये? ...**(व्यवधान)**

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): what she is asking is this. Now, you are quoting from somewhere. All that we want to know is the name of the magazine from which you are quoting and the date of the publication of the article.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: I am telling you.

यह आर्टिकल "हिन्दुस्तान टाइम्स" के एडिटोरियल पेज पर छपा है। उसके बाद "जागरण" अखबार ने छापा । उसमें से ले करके इस बी०जे०पी० के मैगज़ीन ने। ....**(व्यवधान)** बी०जे०पी० की मैगज़ीन मैं बता तो रहा हूं...**(व्यवधान)**

MISS SAROJ KHAPARDE: What is the name of the magazine?

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: It is *BJP Today.*

उसने इसको रीप्रोड्यूस किया है।...**(व्यवधान)**

MISS SAROJ KHAPARDE: what is the name of the magazine? ...*Interruptions*... आप उस मैगज़ीन का नाम तो बताइये? ....**(व्यवधान)**

श्री सभापति: यह तो उन्होंने बता दिया है। उन्होंने "बी०जे०पी० टुडे" कह तो दिया है। ...**(व्यवधान)**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: "बी०जे०पी०टुडे" मैगज़ीन ने उसको रीप्रड्यूस किया है। ...**(व्यवधान)**

MR. CHAIRMAN: He has said it. Now, you can go ahead.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, आर्टिकल में जो छपा है वह महत्वपूर्ण है या किस मैगज़ीन ने उसको रीप्रोड्यस किया वह महत्वपूर्ण है? इसके आर्टिकल में लिखा है:

> "While there is no doubt that the ghastly murder of Grahm Steward Stains, the Australian missionary, and his two innocent sons should be universally condemned and that culprits should be severely punished, the massive outcry as evoked in the Indian Press raises several important questions".

for which, an Indian, who dares utter the following statement, would immediately be identified with the Sangh Parivar —

> "is the life of a whiteman more important and dear to the Indian media than the lives of a hundred Indians? Or, to put it differently, is the life of a Christian more sacred than the life of many Hindus? It would seem so...."

DR. BIPLAB DASGUPTA: What do you mean? What is this? (*Interruptions*)

SHRI JANARDHANA POOJARY: He is quoting somebody. What has that got to do with the issue? (*Interruptions*)

SHRIMATI KAMLA SINHA (Bihar): What is the point that you are trying to make? Don't read things like this. (*Interruptions*)

DR. BIPLAB DASGUPTA: Every human being is important, whether he is a Hindu or a Chirstian or anybody.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, मैं अपनी ओर से एक शब्द भी नहीं कह रहा हूं। I am not saying that I am saying this. यदि मैं कहूं, तो कहिए। मैं तो उसको पढ़ रहा हूं। ....**(व्यवधान)**

DR. BIPLAB DASGUPTA: Why do you compare one Christian with 100 Hindus?...(*Interruptions*)...

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: आप उन से पूछिए न।

You go and ask him.

SHRI JANARDHANA POOJARY: Many articles have been written in various magazines. Can he do that? It is not his view. It has been said by somebody else. How can he quote it here?

कुमारी सरोज खापर्डे: हिंदुस्तान में इतनी मैजीन्स हैं और उनमें इतना कुछ लिखा हुआ है, अगर आप को इंटरेस्ट है तो आप उन को कोट करिए।·उन्हें छोड़कर आप विदेश की मैगजीन्स को कोट कर रहे हैं?

You quote those magazines. Why are you quoting *videshi* magazines here?...(*Interruptions*)...

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: I am only quoting others, I am not quoting you ...*(Interruptions)*...राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है कि यह जो घटनाएं हुई हैं, यह बहुत निंदनीय है, पर इन घटनाओं को सारी मायनोरिटीज के खिलाफ इस्तेमाल न करें।...(व्यवधान)...उस के आगे उन्होंने लिखा है ...(व्यवधान)... जो आप से कहना चाहता था, वह सुन लीजिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please sit down.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: "The massive outcry on the atrocities against the minorities raises also doubts about the quality and integrity of Indian journalism. Take, for instance, the rape of four nuns in Jhabua. Today the Indian Press and the foreign correspondents are still reporting that it was a religious rape. Yet, I went to Jhabua and met the four adorable nuns who themselves admitted along with their Bishop George Anakil that it had nothing to do with religion. It was the doing of a gang of tribals known to perpetuate this kind of hateful acts on their own women. Yet, today the Indian Press, the Christian hierarchy and the politicians continue to include the Jhabua rape in the list of atrocities against the Christians." ...(व्यवधान)...

SHRI M.J VARKEY MATTATHIL (Kerala): You prove it. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. ...*(Interruptions)*...

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः अध्यक्ष महोदय, उस ने खुद जाकर यह कहा है और मध्य प्रदेश की सरकार ने वहां जितने लोगों को गिरफ्तार किया। ...(व्यवधान)... मध्य प्रदेश की सरकार ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया, उस में क्रिश्चियंस भी शामिल थे। ...(व्यवधान)...मध्य प्रदेश की सरकार ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया उन में ईसाई भी थे। सर, इस में आगे जो लिखा है, उस से मेरे ये भाई दुखी होंगे ...(व्यवधान)...

श्री सभापतिः उन्हें बोलने दीजिए।

SHRI K.M. KHAN (Andhra Pradesh): We should state the facts to the House. ...*(Interruptions)*...

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: He said, "In Wynad, in northern Kerala, it was reported that a priest and four women were beaten up and a Bible was stolen by fanatical Hindus, and an FIR was lodged. The Communists took out processions all over the Kerala to protest against the atrocities..."

SHRI A VIJAYA RAGHAVAN (Kerala): Sir,...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. Your party will also yet a chance.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: "And the Press went gaga. yet, an intrepid reporter from Calicut office of the *Indian Express* found out nobody was beaten up and the Bible was safe. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Please sit down. you will get a chance to speak. Then you can reply to these points.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: "...it was too late. The damage was done and it is still being made use of by the enemies of India.

वह आगे पूछता हैः

"Why do the Indians always reflect a westernised point of view? Why do India's intellectual elite, the majority of which happens to be Hindus, always come down so hard on their own culture, their own religion, their own brothers and sisters? Is it because of an eternal feeling of inferiority which itself is a legacy of British colonisation? Is it because they consider Hindus to be inferior beings? Is it because the Indian Press is still deeply influenced by Marxists and Communists..." ...*(Interruptions)*...

SHRI JANARDHANA POOJARY: Sir, the President's Address talks about curbing such incidents. But, he is

preaching fundamentalism here. Why is he quoting somebody else? ...*(Interruptions)*...

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति जी, मैं सारा आर्टिकल नहीं पढ़ता, मैं उस की आखिरी बात पढ़कर खत्म कर देता हूं ...**(व्यवधान)**...

श्री सुरेश पचौरी: सर, महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में अल्पसंख्यकों पर जो जुल्म हो रहे हैं, उस पर अपना अफसोस जाहिर किया है और ये अल्पसंख्यकों पर जुल्मों की दूसरी तस्वीर पेश कर रहे हैं ...**(व्यवधान)**...

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: आप बोलेंगे तब कह दीजिए।

श्री सुरेश पचौरी: अल्पसंख्यकों पर जो जुल्म हो रहे हैं, उन पर राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में अफसोस जाहिर किया है।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: आखिरी बात पढ़ देता हूं , यह बहुत कंडेमनिंग है आप के लिए। ये चार लाइंस पढ़ देता हूं।

"Whatever it is, harm is done because even though it is not the truth which has been reported from Jhabua, from Wynad or from the Keonjhar district of Orissa, it has been far from truth, and it has been believed to be the Marxists."

श्री सुरेश पचौरी: महोदय, ये बी०जे०पी० टुडे को कितनी देर पढ़ेंगे? महोदय, महामहिम राष्ट्रपति महोदय ने देश के विभिन्न इलाकों में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त की है और आप बी०जे०पी० टुडे पढ़ रहे हैं। महोदय, आप उन्हें बी०जे०पी० टुडे पढ़ने के लिए कितनी बार अलाउ करेंगे? ये अन्य पॉइंट्स के संबंध में बोलें।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: मैं यह बतला रहा हूं कि राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है कि ये जो घटनाएं हुई हैं और आपकी इन बातों के कारण यूरोपियन पार्लियामेंट ने रेज़ोल्यूशन पास कर दिया, पाकिस्तान ने पास कर दिया। दूसरों ने कर दिया। अपने देश में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा सुरक्षित हैं, इस देश को बदनाम मत कीजिए और इस देश को बदनाम करके अल्पसंख्यकों के प्रति ऐसा वातावरण मत बनाएं जो कि सच्चाई नहीं है। मिथ्या प्रचार मत कीजिए।

सभापति महोदय, इसके बाद एक ज़िक्र किया गया है। ...**(व्यवधान)**...

श्री एच० हनुमनतप्पा: मल्होत्रा जी, एक मिनट।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: नहीं, बाद में आपको भी मौका मिलेगा।

श्री एच० हनुमनतप्पा: आपने कह दिया, आपने क्या किया कि फॉरेन जर्नलिस्ट के ओपीनियन को पार्लियामेंट में डाल दिया। Was it necessary? ...*(Interruptions)*...It may not be a point of order, Mr. Chairman, but a point of propriety. ...*(Interruptions)*...Was it necessary to have brought it on the record? ...*(Interruptions)*....

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, मैंने उड़ीसा का, मध्य प्रदेश का ज़िक्र किया। मेरे दोस्त पूछ सकते हैं कि गुजरात के बारे में आप कह सकते हैं। गुजरात के बारे में मैंने पहले ही कहा है कि मैं अपना मत बिल्कुल प्रकट नहीं करूंगा, केवल जो टिप्पणियां हैं, वही प्रस्तुत कर रहा हूं। Two oldest living Gandhians, Chelubhai Naik and Chunilal Jaiswal. ...*(Interruptions)*....

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी (उत्तर प्रदेश): खुराना जी वाली बात तो बोलिए।

श्री टी०एन० चतुर्वेदी (उत्तर प्रदेश): वे दूसरे हाऊस के मैम्बर हैं, चेयरमैन साहब इजाज़त नहीं देंगे उनका नाम लेने के लिए।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: चेलुभाई नायक और चूनी लाल दोनों की आयु 82 साल है और दोनों केवल गांधियन नहीं हैं, महात्मा गांधी जी ने उनको वहां आदिवासियों में काम करने के लिए भेजा था, वे आज तक काम कर रहे हैं पिछले 50 साल से और उन्होंने ऐफिडेविट पर, शपथ-पत्र देकर माइनॉरिटी कमीशन के सामने जो अपना मेमोरेंडम दिया, मैं उसकी केवल 5-6 लाइनें पढ़ रहा हूं:— That the Dangs incident is not to be perceived as an attack on Christians: that it is a long simmering reaction to the conversions by the Christian Missionaries; that the Missionaries have used and even now use unethical means to convert; and, that this is not the beginning, but the Culmination.

श्री सनातन बिसि: चेयरमैन साहब, पैरा 8 बोला गया है। ...**(व्यवधान)**...The President has

expressed anguish over the recent incidents in Gujarat, Madhya Pradesh, Orissa... ...*(Interruptions)*. But they are justifying it!

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: I am talking of Gujarat. *(Interruptions)*

MR. CHAIRMAN: Mr. Bisi, when you get time, you can reply to him. ...*(Interruptions)*...

MISS SAROJ KHAPARDE: Is that a copy of the memorandum or a newspaper? ...*(Interruptions)*...

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: मैं पेपर में से पढ़कर सुना रहा हूं।

श्री सभापति: आप कहां से पढ़कर बता रहे हैं?

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: यह पेपर के अंदर छपा है, उसको क्वोट किया गया है इसके अंदर, उसको पढ़कर बता रहा हूं।

श्री सभापति: किस चीज का क्वोट है?

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: मैंने उसकी फोटोस्टेट कापी करवाई है, यह "पोलिटिकल आब्ज़र्वर" में से है।

श्री सभापति: वे कह रहे हैं कि यह "पोलिटिकल आब्ज़र्वर" में से है।

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: That the Missionaries have been inciting conversions; that the Missionaries have used and even now use unethical means to convert; that this is not the beginning, but the culmination; that the missionaries have been inciting the converted tribals into vandalism; that the Missionary schools have punished students who have worn Gandhi caps during the last five years; that nearly two dozen idols of Shiva and Hanuman, revered by the tribals have been desecrated and broken.

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: मान्यवर, यह जो पढ़ रहे हैं यह मेमोरेंडम नहीं है, यह आर॰एस॰एस॰ का जो मेमोरेंडम है ...**(व्यवधान)**...

श्री सभापति: क्या पढ़ रहे हैं?

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: यह बी॰जे॰पी॰ टूडे और आर॰ एस॰ एस॰ टूडे से पढ़ रहे हैं, यह मेमोरेंडम से बिल्कुल नहीं पढ़ रहे हैं।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, महात्मा गांधी जी ने ....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: कितनी बार पढ़ोगे मल्होत्रा जी आप?

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, महात्मा गांधी जी ने 1935 में "हरिजन" में 11 मई को यह बात कही कि—"अगर मेरे हाथ में सत्ता हो और मैं कानून बना सकूं तो मैं धर्मांतरण का सारा कारोबार ही बंद करा दूं। इससे वर्ग-वर्ग के बीच" ....**(व्यवधान)**

श्री सभापति: गांधी जी का पढ़ रहे हैं ....**(व्यवधान)**

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: यह आर॰एस॰एस॰ टुडे में जो क्वोट किया गया है वह पढ़ रहे है ....**(व्यवधान)** He is quoting wrongly. ....*(Interruptions)*....

श्री सभापति: यह गांधी जी ने नहीं कहा है ....**(व्यवधान)**

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्रा: आप इसे कहिए कि गलत है। अगर गलत है तो बता दीजिए मैं पढ़ रहा हूं 11 मई, 1935 को गांधी जी ने "हरिजन" में जो लिखा है ....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: मल्होत्रा जी, कितना पढ़ोगे? विश्व हिंदू परिषद, आर॰एस॰एस॰ टुडे, हाऊ मैनी थिंग्ज़ ....**(व्यवधान)**

SHRI M. VENKAIAH NAIDU (Karnataka): Sir, a number of times the Chair has ruled that when a Member is speaking the other Members should not interrupt unless the concerned Member yields. But, what we have seen is that some senior Members and even those Members who are on the panel of Vice-Chairmen are continuously standing up and making a running commentary. ....*(Interruptions)*....

MISS SAROJ KHAPARDE: We have every right. ....*(Interruptions)*....

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Then we have also got the same thing. ....*(Interruptions)*....

MISS SAROJ KHAPARDE: I have got every right to speak if somebody is quoting my party wrongly. ....*(Interruptions)*....

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: I have no way to define if the Member who is on the panel of Vice-Chairmen says, "This is my right." Is this the way to run the House? I am very sorry. ....*(Interruptions)*.... What is this going on? ...Why are they so scared? ....*(Interruptions)*....

MR. CHAIRMAN: If the hon. Member feels that he is wrongly quoting Gandhiji, please bring it to me. We shall see it afterwards.

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: That is all, Sir. ....*(Interruptions)*....

श्री सभापतिः आपने कहा ना कि वह गलत क्वोट कर रहे हैं ....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डेः मैंने वह नहीं कहा। सर, मैंने यह कहा कि कितनी बार बाहर के, विदेश के पेपर से पढ़ोगे? मैंने यह कहा और मैंने बार-बार मैगजीन का नाम पूछा, और मैंने कुछ नहीं पूछा। क्या यह भी मुझे अधिकार नहीं है।

श्री सभापतिः वह तो उन्होंने बता दिया आपको। वह बात खत्म हो गई।

कुमारी सरोज खापर्डेः ठीक है, बात खत्म हो गई। मैंने जो पूछा है, इसीलिए पूछा है कि कहां से क्वोट कर रहे हैं?

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः यह मैंने कहा है। महोदय, 11 मई, 1935 को "हरिजन" में उन्होंने यह बात कही है। मैं पूरा पढ़ देता हूं....**(व्यवधान)**

श्री एच॰ हनुमनतप्पाः आपने वेंकैया नायडू को यील्ड किया, मुझे यील्ड नहीं कर रहे हैं एक मिनट के लिए।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः सभापति महोदय, इससे मेरा बीच में तारतम्य टूट जाता है।

श्री एच॰ हनुमनतप्पाः बी॰जे॰पी॰ के लिए यील्ड करने से तारतम्य नहीं टूटता है, कांग्रेस के लिए यील्ड करने से तारतम्य टूट जाता है।

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः नहीं, वह प्वाइंट आफ आर्डर था। अगर कोई प्वाइंट आफ आर्डर है, तो आप बता दीजिए।

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir, we are discussing the Motion of Thanks on the President's Address. The President in his Address has expressed regred on the incidents which occurred in the country. Can a Member who is moving the Motion of Thanks on the President's Address deviate from the view or opinion expressed by the President? ....*(Interruptions)*....

PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: I am not deviating from that. ....*(Interruptions)*.... I am not yielding. ....*(Interruptions)*....

SHRI H. HANUMANTHAPPA: The President has expressed regret on the atrocities on minorities. ....*(Interruptions)*.... Now the hon. Member is justifying it by quoting what the foreign journalists have written. ....*(Interruptions)*.... Is it on the lines of the Motion of Thanks? ....*(Interruptions)*....

SOME HON. MEMBERS: Not at all ....*(Interruptions)*....

प्रो॰ विजय कुमार मल्होत्राः सभापति जी, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में किसी भी अल्पसंख्यक पर होने वाले अत्याचार पर चिंता प्रकट की गई है और मैंने स्वयं कहा है कि किसी भी अल्पसंख्यक पर अन्याय या अत्याचार होना इस देश के लिए कलंक है....**(व्यवधान)** क्या बता हो गई ....**(व्यवधान)** The moment I start speaking, ...*(Interruptions)*....

कुमारी सरोज खापर्डेः आपने यहां पर जो क्वोट किया मल्होत्रा जी, अपोजीशन वालों ने आपके बारे में आपत्ति तब उठाई जब ....**(व्यवधान)**

श्री सभापतिः बात खत्म हो गई ना....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डेः आप तोड़-मरोड़कर सारा मसला सदन के सामने रखते हैं और हम कुछ स्पष्टीकरण भी नहीं कर सकते?

श्री सभापतिः नहीं बात खत्म हो गई। उन्होंने जो जवाब दिया, उसके साथ आपकी बात खत्म हो गई।

कुमारी सरोज खापर्डे: अभी इन्होंने जो कहा, मैं उस पर कुछ कह रही हूं। हमने आपत्ति तब उठाई जब आपने बी०जे०पी० के एक वर्तमान पत्र में जो छपा हुआ विदेशी का इंटरव्यू था, उसके बारे में पढ़ना शुरू किया ....**(व्यवधान)**

श्री सभापति: वह बात तो खत्म हो गई ना, उन्होंने बता दिया। ....**(व्यवधान)**

MISS SAROJ KHAPARDE: He is again raising that issue.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: राष्ट्रपति जी ने यह बात कही कि ये 3 घटनाएं बहुत निंदनीय हैं, उनकी जांच हो रही है। मैंने भी यही बात कही। परन्तु उन्होंने कहा कि इसको अपवाद बनाइए। यह अपवाद है, यह एबेंशंस हैं, यह कोई सारी मायनोरिटी पर हमला हो रहा है, कत्ले आम हो रहा है, यहूदियों की तरह के अत्याचार हो रहे हैं इस तरह का झूठा मिथ्या आरोप मत कीजिए और इस तरह के प्रचार के कारण सारी दुनिया में हिन्दुस्तान का नाम बदनाम मत कीजिए। ....**(व्यवधान)** हो तो यह रहा है, कहा यह जा रहा है कि ....**(व्यवधान)** और इसके लिए यह कहा जा रहा है कि जैसे धर्मान्तरण बहुत अच्छी बात है। अगर धर्मान्तरण ठीक है तो पुनःधर्मान्तरण भी ठीक है। अगर धर्मान्तरण होने में महात्मा गांधी जी ने जो कुछ कहा है मैं उसको कोट करता हूं तो आप गांधी जी का नाम सुनना नहीं चाहते। ....**(व्यवधान)** धर्मान्तरण के बारे में मैं उसका उल्लेख करता हूं तो आप इस तरह से हल्ला करते हैं। ....**(व्यवधान)** मुझे मालूम है कि आज आप गांधी जी से प्रेरणा नहीं लेते, आज आप गांधी जी को अपना नेता नहीं मानते, आज आपकी नेता सोनिया गांधी हैं, इसलिए आप इस तरह की बातें करते हैं कि गांधी जी का नाम भी सुनना आपको पसंद नहीं, गांधी जी की कोटेशन सुनना पसंद नहीं करते।

श्री ब्रतीन सेनगुप्त (पश्चिमी बंगाल): गांधी जी की हत्या किसने की थी?

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय ....**(व्यवधान)**

श्री खान गुफ़रान ज़ाहिदी: गांधी जी का मर्डर किसने किया? Who has murdered Gandhiji? Who was behind the assassination of Gandhiji?

PROF. VIJAY KUAMR MALHOTRA: You people have murdered Gandhiji's soul.

राष्ट्रपति जी ने इसका जिक्र किया है कि 1998 में साम्प्रदायिक हत्याओं में, वैसे तो एक व्यक्ति की भी हत्या हो तो बहुत बुरी बात है, परन्तु 1996 में 712, 1997 में 734, 1998 में साम्प्रदायिक दंगों में मरने वालों की संख्या 473 रही। यह 473 की संख्या भी रुकनी चाहिए। परन्तु कांग्रेस के जमाने में दूसरी पार्टियों के जमाने में जितनी हत्याएं हुई उससे कम हत्याएं इन 10 महीनों में हुई है और इस तरह का वातावरण मत बनाइए कि सारी दुनिया के अंदर यह मैसेज जाए कि हिन्दुस्तान में अल्पसंख्यक असुरक्षित हैं और अल्पसंख्यकों के बारे में इस प्रकार की राय बनाएं इसलिए मैंने यह कोटेशन आपके सामने पढ़ी थी।

सभापति महोदय, यहां पर यह कहा जा रहा है कि सरकार चल नहीं रही है और यह बात बड़े जोर से प्रचारित की जा रही है कि सरकार चल नहीं रही है। प्रतिदिन सरकार पर संकट आता है। जब राष्ट्रपति जी का अभिभाषण हुआ तो कुछ लोगों ने इस बात की टिप्पणी की और यह कहा कि इतना लम्बा भाषण क्यों दिया गया। आप कह रहे हैं कि वह टार्चर था। जब उपलब्धियां इतनी ज्यादा हों और उनको संक्षेप में भी बताना हो तो भी इतने अधिक समय में इतनी बातें कहनी पड़ती हैं। 60 पोइंट लिखे हैं। मैं दावे से कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी या जनता दल की सरकार या यूनाइटेड फ्रंट की सरकारों ने 50 सालों में जो उपलब्धियां नहीं की वह वाजपेयी सरकार ने 10 महीने में उपलब्धियां की हैं। ....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डे: मल्होत्रा जी, 10 महीनों की उपलब्धियों के कारण उस दिन सेंट्रल हाल में बिल्ली भी रोयी थी। आपका 10 महीने का सारा अनुभव सुनकर बिल्ली भी रो रही थी उस दिन सेंट्रल हाल में।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, यह बोलने नहीं दे रहे हैं, क्या बात है।

श्री सभापति: आप बोलिए, अपनी बात कहिए।

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा: सभापति महोदय, पिछली जितनी भी सरकारें रहीं सब के मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप, प्रधान मंत्रियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, उन पर मुकदमे चले परन्तु भारतीय जनता पार्टी के 10 महीने में किसी मंत्री पर एक आरोप नहीं, एक केस नहीं, इस प्रकार कोई मुकदमा नहीं। टोटल स्केम फ्री, टोटल घोटालों से मुक्त यह सरकार चल रही है।....**(व्यवधान)**

डा० वाई० लक्ष्मी प्रसादः यूनाइटेड फ्रंट के कंवीनर कहां है?

प्रो० विजय कुमार मल्होत्राः जो अणु विस्फोट हुआ पोखरण में, उस अणु विस्फोट से सरकार ने देश को विश्व के पहले छः देशों में लाकर के खड़ा किया है। मैं उसका अधिक उल्लेख नहीं करना चाहता। परन्तु आर्थिक स्थिति के बारे में बहुत कहा जा रहा है। आज हमारी विदेशी मुद्रा का भंडार 27 बिलियन डालर तक पहुंचा है। यह आज तक का सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा का भंडार है। पिछले 10 महीनों में रुपए की कीमत डालर के मुकाबले में कम नहीं हुई। हम अभी पाकिस्तान गए थे वहां पर पिछले कुछ दिनों के अंदर हालात इतने खराब हो गए थे। हमें लिखित में दिया गया था कि आफिशियली एक डालर में हमारी कीमत 46 रुपए है परन्तु बाजार में, बैंक में 52 रुपए मिलेंगे और कुछ दिन पूर्व बाहर 65 रुपए तक मिलते थे। हमारी मुद्रा स्थिर है, हमारी आर्थिक स्थिति स्थिर है। पोखरण कांड के बाद हिन्दुस्तान पर जो पाबंदियां लगाई गई उन पाबंदियों को हमने झेला है सरकार ने आर्थिक दृष्टि से देश को स्थिर रखा है। यहां पर जो ....**(व्यवधान)**

श्रीमती सरोज दुबे (बिहार): गरीबों को खाने को नहीं दे रहे हैं। ....**(व्यवधान)**

1.00 P.M.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्राः थोड़ा सा अगर आपके पास समय हो तो राष्ट्रपति भाषण को आप पढ़ लें। नई आवास नीति बनाना, बेरोज़गारी दूर करना, 9वीं पंचवर्षीय योजना को लागू करना, प्रति वर्ष 20 लाख मकान बनाना, किसानों के लिए नई योजना बनाना, भारतीय मूल के विदेशियों को पी०आई०एल० के कार्ड देना, पचासों मुद्दे हैं जिनका राष्ट्रपति भाषण में उल्लेख किया है। ये काम पचास साल में आपने नहीं किया।

श्री सभापतिः मल्होत्रा जी, देखिए, एक बज गया है।

PROF. VIJAY KUAMR MALHOTRA: Only five minutes more, Sir.

श्री सभापतिः पांच मिनट में खत्म कर लेंगे? We will sit for five minutes more.

प्रो० विजय कुमार मल्होत्राः नई योजनाएं युवकों के लिए महिलाओं के लिए बच्चों के लिए खिलाड़ियों के लिए बनाई गई हैं, उन सब योजनाओं का इसमें उल्लेख है। ....**(व्यवधान)**

कुमारी सरोज खापर्डेः एक महिला मुख्य मंत्री थी, पिछड़े वर्ग की थी उसको तो हटा दिया। अब महिलाओं के बारे में क्या बात कर रहे हैं?

प्रो० विजय कुमार मल्होत्राः नई राष्ट्रीय कृषि नीति बनाई है, नई दूरसंचार नीति बनाई है। जितने भी विभाग हैं, उनकी नई नीतियां बनाई हैं।

सभापति महोदय, मैं इसमें सिर्फ एक बात का उल्लेख और करके अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी ने जो सिलचर से लेकर गुजरात तक, कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सड़कों का एक्सप्रेसवे बनाने की योजना बनाई है जिसके अंदर लाखों लोगों को नहीं बल्कि करोड़ों लोगों को काम मिलेगा जब ये सड़कें छः-छः लेनों की बनाई जाएंगी। सारे एयरपोर्ट्स को नए सिरे से बनाया जाएगा, उनके निगम बना दिए गए हैं। जितने बंदरगाह हैं, उनका आधुनिकीकरण किया जा रहा है। अनेक क्रांतिकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रतिफल बहुत शीघ्र सामने आने वाले हैं। हमारे राष्ट्रपति जी ने कहा कि यह सरकार राष्ट्रीय एजेंडे के मुताबिक काम कर रही है। सभापति महोदय, यह ठीक है कि भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा अलग था और राष्ट्रीय एजेंडा अलग है। भारतीय जनता पार्टी ने अपना घोषणा पत्र रखा था परंतु यह मिली-जुली सरकार है। यह भाजपा की सरकार नहीं है। भाजपा की सरकार होती और उसका ....**(व्यवधान)**

